Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार — सच का साथी — दिनांक 30-11-2021 — अंक 70

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सूचना

बरही प्राइवेट आईटीआई में 30 नवंबर तक वैसे बच्चे जो फीटर में नामांकन करवाना चाहते है। वैसे बच्चो के लिए फिटर में भारी छूट है। मात्र 25000 में फीटर कम्पलीट कराया जा रहा है। वैसे बच्चे जो SC,ST,OBC के अन्तर्गत आते है। उन बच्चों को कल्याण विभाग की और से 18000 की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।






## ऑटो पलटने से युवक घायल, रेफर

बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर निवासी संजय प्रसाद उम्र 29 वर्ष का अ०टो पलटने से घायल हो गया। गंभीरावस्था में उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल बरही में भर्ती कराया गया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।




# बरही अनुमंडलीय अस्पताल में गरीबो के हक पर डाका !

## प्रसव कराने आई महिलाओं को नही मिलता है नियमित भोजन, लेकिन बन जाता है फर्जी बिल, भाऊचर, जांच की मांग

### प्रसव कराने आई महिलाओं ने कहाः चार दिन से हैं भर्ती केवल एक दिन मिला खाना, तीनो टाइम मिलना है खाना, यदि नही मिलता है तो बीपीएम जिम्मेवार : डीएस

अपेम लाइवः बरही
सुजीत प्रधान


बरही अनुमंडलीय अस्पताल ( फाइल फोटो)

बरही अनुमंडलीय अस्पताल की लचर व्यवस्था एवम भ्र्ष्टाचार की कहानी हमेशा से सुर्खियों में रहा है। डीएस, बीपीएम एवं बाम की उदास. ीनता एवं लापरवाही के कारण अस्पताल की संविदा कर्मियों, सहिया, सहिया साथी, वीएलई एवं अन्य कर्मियों का मानदेय एवं इंसेंटिव नही मिल पाया है। जिसके कारण स्वास्थ्यकर्मियों का मनोबाल टूटता जा रहा है। पिछले 8 माह से सहिया एवं सहिया साथी का इंसेंटिव नही दिया गया। जबकि कई सहिया इसी इंसेंटिव पर आश्रित है। विदित हो कि सरकार के द्वारा इसके लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध करा दिया गया है। वहीं सरकार के द्वारा लाभुकों के लिए भी अन्य मद में राशि उपलब्ध कराई गई है। प्रसव कराने आई महिलाओं को सुबह–शाम सरकारी स्तर पर पौष्टिक भोजन देने का प्रावधान है। इसके लिए प्रति लाभुक प्रति दिन 100 रुपये सरकार के द्वारा अस्पताल को उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन अनुमंडलीय अस्पताल बरही में यह सुविधा पूर्ण तरीके के नही दिया जाता है। मंगलवार को अधिवक्ता सह समाजसेवी सुजीत प्रधान प्रसव कराने आई दो लाभुकों से इस संबंध में बात की। लाभुकों ने बताया कि वे लोग चार दिन से अस्पताल में भर्ती हैं। लेकिन मात्र एक दिन खाना मिला है। रात में खाना नही मिला। अपने स्तर से व्यवस्था करना पड़ा। एक महिला ने बताया कि खाना भी कच्चा रहता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार न०र्मल डिलेवरी पेशेंट को भी 24 घण्टा रहने का प्रावधान है। लेकिन कई ऐसी लाभुक होती है जो प्रसव होने के बाद घर चली जाती है। उन्हें कोई खाना नही दिया जाता है। लेकिन बिल भाऊचर बन जाता है। जो जांच का विषय है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फर्जी बिल भाऊचर बनाकर कार्यालय कर्मियों के मिलीभगत से गरीबो के हक को डकार लिया जा रहा है। इस बाबत डीएस एसएसपी सिंह ने बताया कि प्रसव महिलाओं को तीनों टाइम भोजन देने का प्रावधान है। यदि नही मिल पा रहा है तो इसके लिए बीपीएम जिम्मेवार है। जब बीपीएम से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पेशेंट जब से भर्ती होती है। तभी से उन्हें भोजन उपलब्ध कराया जाता है। यदि किन्ही पेशेंट को नही मिलता है तो बोलना चाहिए था। इस संबंध में बाम अमित तिर्की से पूछे जाने पर बताया कि प्रसव कराने आई महिलाओ के लिए 100 रुपये का खाना दिया जाता है। रात में भी खाना दिया जाता है। इंसेंटिव के मसमले में बाम ने बताया कि जो फण्ड आया था वह सैलेरी में चला गया। अब फण्ड नहीं है। इसलिए अन्य लोगों को मानदेय एवं इंसेंटिव नही दिया गया है।

### यही लोग हैं जिम्मेवार


(बीपीएम) नारायण राम


(डीएस) एसएसपी सिंह


(बाम) अमित तिर्की

## झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ बरही इकाई की बैठक, संगठन मजबूती पर हुई चर्चा

अपेम लाइवः बरही


बैठक में शामिल प्रजापति समाज के लोग

बरही गया रोड में स्थित रेलवे ओवरब्रिज के समीप प्रजापति भवन में जहरकुम्हार महासंघ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संतोष प्रजापति ने किया। संचालन सचिव अरुण कुमार प्रजापति ने किया। मुख्य संरक्षक देवधारी प्रजापति ने किया। बैठक में संगठन मजबूती एवं संगठन विस्तार पर गहन चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि ग्राम स्तरीय कमेटी का गठन कर संगठन का विस्तार किया जाएगा। बैठक मे शिवपुर निवासी यशोदा देवी द्वारा दिए गए आवेदन पर चर्चा किया गया। मौके पर पर जिला संयोजक गोपाल पंडित, सम्मानित अध्यक्ष तोखन प्रजापति, मुख्य संरक्षक देवधारी प्रजापत्ति, कमलाशंकर पंडित, अरुण प्रजापत्ति योगेंद्र प्रजापति, सुनील प्रजापति मौजूद थे।






डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार — सहयोगीः सोनू पंडित, — एडिटिंग- धनंजय कुमार — मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## वरिष्ठ समाजसेवी बालेश्वर सिंह का निधन, अंत्येष्टि में शामिल हुए विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत के खेरौन निवासी 101 वर्षीय वरिष्ठ समाजसेवी बालेश्वर सिंह पिता स्वर्गीय हरदयाल सिंह के अंत्येष्टि में शामिल हुए। विधायक प्रतिनिधि बरही विधानसभा सह कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव, विदित हो कि दिवंगत बालेश्वर सिंह समाज के हर वर्ग के लोगों के बीच लोकप्रिय थे। वे पूरे क्षेत्र में हर व्यक्ति के सुख दुख में शामिल हुआ करते थे। बीते संध्या अचानक हृदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया। यह खबर फैलते आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है। वे अपने पीछे चार पुत्र दो पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मुखाग्नि मृतक के बड़े पुत्र दशरथ सिंह ने नोनिया नदी



अंतिम संस्कार मे शामिल बिनोद यादव व अन्य

के तट पर दी। अत्यंत दुखद क्षण की घड़ी में मौके पर विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव प्रखंड कांग्रेस कार्यालय प्रभारी खेरौन निवासी नरेश सिंह, शिक्षक राकेश कुमार सिंह, काँग्रेस पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, ईशो सिंह, श्रवण सिंह, गणेश सिंह, विजय सिंह, अजय सिंह, जागो सिंह, सरयू सिंह, अवध सिंह, दिनेश सिंह, उमेश सिंह, विशेश्वर सिंह, प्रभु सिंह, पीटी सिंह, कृष्णा सिंह, लोकेश सिंह, मनोहर सिंह, युगल सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, कमख्या सिंह, अधीन यादव, नागेश्वर साव, धीरेंद्र सिंह, भोला सिंह, किशुन सिंह, नकुल सिंह, अशोक सिंह, बसंत सिंह, व्यास सिंह, प्रदीप सिंह, संजय सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### आज का प्ंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---01.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---द्वादशी तिथि
दिन :---बुधवार
नक्षत्र :---चित्रा नक्षत्र
योग :---सौभाग्य
करण :---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:43
सूर्यास्त : संध्या 05:17
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---तुला राशि में
आज का राहूकाल दिन :---12:00 बजे से दिन :---01:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खास :---आज गणेश भगवान को दूर्वा अर्पित करने से राहु जन पीड़ा समाप्त होता है।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## रसोइया धमना, छोटकी बरही के दो लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन, विधायक ने किया स्वागत

**अपेम लाइवः बरही**

रसोइया धमना एवं छोटकी बरही के तीन युवाओं ने कांग्रेस पार्टी के नीति एवं सिद्धान्तों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वालों में संतोष कुमार उर्फ राज बंसम साव एवं मो0 कमाल अंसारी उर्फ गोल्डन शामिल हैं दोनों के सम्मान में प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा के नेतृत्व में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला ने दोनों को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर पंचायत अध्यक्ष मो0 तैयब, उप



स्वागत करते विधायक अकेला

मुखिया नरेश साव, मनोज साहु, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ0 निज़ामुद्दीन अंसारी, जिला महासचिव अब्दुल मनान वारसी, उपप्रमुख सिकन्दर राणा ,बासुदेव यादव, विधानसभा युवा अध्यक्ष मनोहर यादव,ओबीसी प्रखण्ड अध्यक्ष सुनील साहू, युवा प्रखण्ड अध्यक्ष अमित जयसवाल, कुणाल कतरियार, मीना देवी,मीडिया प्रभारी मो0 तौकीर रजा, गाजो यादव,अशोक सिंह, तोखन रविदास, प्रमोद सिंह, सुनील चंद्रवंशी, यमुना यादव, ताज उद्दीन, रुस्तम अली,हरि गुप्ता, नरेश सिंह, शुशील केसरी ,पप्पू ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

## करसो में आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार'' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन, विधायक हुए शामिल

### शिक्षा, स्वास्थ्य ,पीडीएस सहित दर्जनों स्टॉल लगाकर दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी

**अपेम लाइवः बरही**

झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर हजारीबाग जिले के सभी पंचायतों में शि. विर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में करसो पंचायत के मवि करसो में शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, सीओ अरविन्द देवाशीष टोप्पो, प्रमुख मंजू देवी, जिला महासचिव अब्दुल मनान वारसी, बिनोद कुमार यादव, मुखिया नीतू देवी ने ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस शि. विर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्टॉल लगाया गया। मौके पर आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का नि. राकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनकार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण-पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15वें वित्त, स्कॉलरशिप, दाखिल- खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शिविरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित




शिविर का उद्घाटन करते विधायक एवं अन्य

जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोस्टर, पम्फलेट, बैनर व ऑडियो-विडियो के माध्यम से जानकारी दी गई ताकि वे इन योजनाओं के बारे में जान सके और स्वरोजगार कर मुख्यधारा से जुड़ते हुए बेहतर जीविकोपा. र्जन कर सकें। वहीं शिविर में



कार्यकम मे उपस्थ्ति लोग

स्वास्थ्य विभाग के तरफ जांच स्टॉल लगाकर शिविर में आये ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी गई। मौके गुरुदेव गुप्ता, वारिश अंसारी, संतोष रविदास, सुनील कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पंचायत चुनाव अभिलंब कराने की मांग

**अपेम लाइवः बरही**



विद्या सागर यादव

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के युवा समाजसेवी विद्यासागर यादव ने पंचायत चुनाव में हो रही देर को लेकर उन्होंने सरकार से पंचायत चुनाव जल्द कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा की पंचायत चुनाव पिछले वर्ष होने वाली थी। जो कोविड-19 के वजह से नहीं हो पाई जिसके कारण पंचायत में विकास अच्छे ढंग से नहीं हो पा रही है। तथा पंचायत विकासशील हो रही है। इसलिए सरकार को इस पर कड़े फैसले लेकर जल्द चुनाव की घोषणा करने चाहिए। जिसके कारण आने वाले समय में पंचायत की स्थिति सही हो और पंचायत कि विकास में कोई कमी ना हो, और झारखंड के हर एक पंचायत विकसित हो सरकार से यही आशा है कि जल्द से जल्द वह चुनाव की घोषणा कर हमारे झारखंड के सभी पंचायत को विकसित करेंगे।

## बैंक की समास्याओं को देख, खोला गया बैंक आफ इंडिया ग्राहक सेवा केंद्र

**अपेम लाइवः चुरचु**
**अरविन्द टुडु**



ग्राहक सेवा केन्द्र का उदघाटन करते शाखा प्रबंधक

चुरचू प्रखण्ड के चरही सीसीएल कोयलांचल क्षेत्र समीप डाड़ी प्रखण्ड में बैंक के समास्याओं को देखकर जोगा चौक रबोध में बैंक आफ इंडिया ग्राहक सेवा केंद्र खोला गया। बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घघाटन जोगा चौक रबोध में बलसगरा बैंक ऑफ इंडिया का शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार दुबे एंव मुखिया श्रीमती नितु देवी, पंसस पूरूषोत्तम करमाली ने संयुक्त रूप से फीता काट्कार उद्घघाटन किया। उध्दघाटन समारोह में मुख्य रूप से बैंक मित्र देवंती कुमारी, जतरू महतो, बिरेंद्र पटेल, उमेश करमाली, कपिलदेव महतो, गुलचंद महतो, सर्वेश कुमार सिंह, उदयनाथ महतो, सहदेव प्रसाद, सुरेश महतो, मुकेश महतो, राजेंद्र महतो, सन्नी कुमार, दीलिप सिंह, सिकेंदर महतो, बबलू कुमार, सुकेश कुमार, पंडित द्वारिका पंडित सहित कई लोग उप. स्थित थे।

## कांटी में आयोजित “आपके अधिकार, आपके सरकार, आपके द्वार” कार्यक्रम में उमड़ी जनता


### सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना उद्देश्य : रमेश प्रसाद

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**



कांटी पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि

प्रखंड के कांटी पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय कांटी में ”आपके अधिकार, आपके सरकार, आपके द्वार“ कार्यक्रम का आयोजन प्रधान रमेश प्रसाद की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव व अंचला. धिकारी राम रतन बर्णवाल, जिप सदस्य महादेव राम, सांसद प्रति. निधि रामलखन यादव उपस्थित थे। शिविर में कल्याणकारी योजना जैसे कि वृद्धा पेन्शन, विधवा पेन्शन, नया राशन कार्ड, राशन कार्ड में त्रुटि कि सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा कार्ड , प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, कृषि ऋण माफ़ी आदि योजनाओं का आवेदन लिया गया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने को कहा। मुखिया रमेश प्रसाद ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में कई लाभुकों को सरकारी लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने अधिक. ारियों से अपील करते हुए कहा कि शिविर में जमा किए गए आवेदनों पर गम्भीरता पूर्वक विचार करते हुए गरीबों को योजना का लाभ दिलाएं। राजस्व उपनिरीक्षक दिनेश राम, पंचायत सचिव रणजीत राणा, बीएफटी राजदेव रजक, रोजगार सेवक राजीव कुमार, राजस्व कर्मचारी अनिल कुमार, उप मुखिया संजय कुमार यादव, द्वारिका प्रसाद, सोबरन महतो, अरुण कुमार राम, वार्ड सदस्य लड्डन खान, राजू मोदी, राजू मोदी, आशीष पांडेय, झालो राम, विजय यादव, सारिका देवी, लक्ष्मी देवी, लोकेश पांडेय, जिबलाल पंडित, बालेश्वर पंडित, नरेश पंडित, संजू प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, श्रीराम यादव, नारायण प्रसाद, बिट्टू पांडेय, ज्योति देवी, बबीता देवी, ममता देवी, बसंती देवी, सुमा देवी, मुरली प्रसाद आदि मौजूद थे।









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

**निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता**

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बादम पंचायत सचिवालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

अपेम लाइव : बड़कागांव
अमित मालाकार


प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित लोग

बादम पंचायत सचिवालय भवन में जे एसएलपीएस की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई।मौके पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि बादम पंचायत के मुखिया दीपक दास ने संबोधित करते हुए कहा की महिलाओं के सशक्तिकरण से ही हमारा देश आगे बढ़ सकता है। हमें महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करने की जरूरत है। वही आज बुधवार से मन. रेगा महिला मजदूर कि 10 दिवसीय प्रशिक्षण जिसमें मशरूम उत्पादन हल्दी, पापड़ ,मोमबत्ती, अगरबत्ती, सिलाई ,कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा । मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान दीपक दास, अध्यक्ष पूनम देवी, पिंकी देवी, सुनीता देवी, संजू देवी, पिंकी देवी,सुनीता देवी संगीता देवी सुशीला देवी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## डॉ लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

अपेम लाइव : विष्णुगढ़
मिथिलेश गोल्डी



डॉ लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते लोग

विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय के संस्थापक सह समाजसेवी स्व. डॉ लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा की 33वीं पुण्यतिथि मंगलवार को उनके आवासीय परिसर सुलोचना सेवा सेदन में मनाई गई। वहीं, उनकी धर्मपत्नी स्व. सुमित्रा देवी की भी पुण्यतिथि मनाई गई। डo लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा का निधन 30 नवंबर 1988 तथा उनकी धर्मपत्नी का निधन 30 नवंबर 1995 को हुआ था। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उनके चिकित्सीय, शैक्षणिक जगत एवं खेलकूद के क्षेत्र में क्षेत्र में किए गए अतुलनीय योगदानों की चर्चा की। कहा कि बाबा के नाम से प्रसिद्ध रहे डo लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा का जन जन से जुड़ाव था। उनकी कृतियां आज भी प्रासंगिक है। दिल्ली से उनकी बड़ी पुत्री उर्मिला सिन्हा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कविता पाठ कर डo सिन्हा को श्रद्धांजलि दी। मौके पर सुपुत्र डo प्रदीप कुमार सिन्हा, अशोक कुमार सिन्हा, पुत्री निर्मला सिन्हा, साधना सिन्हा, सविता सिन्हा, ऋषभ सिन्हा, रितु, बालगोविन्द प्रसाद, सुबोध कुमार समेत कई शिक्षकगण एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बिरनी में विवाहिता की मौत, मायके वाले ने लगया हत्या का आरोप

अपेम लाइव :
बिरनी/गिरिडीह
सब्बा अहमद


घटना की पड़ताल करते बिरनी पुलिस

बिरनी के सारंडा गांव में एक 22 वर्षीय बेबी देवी की हत्या पति राजेंद्र दास द्वारा कर दिया गया। बेबी देवी का नेहर ग्राम व पंचायत साली तरिया पर हीरोडीह थाना बताया गया जिनका एक डेढ़ वर्ष का बच्चा भी है वहीं मृतका के नेहर वालों ने गंभीर आरोप लगाया है मृतका के भाभी सावित्री देवी द्वारा थाने में आवेदन देकर गला दबाकर मारने का आरोप लगाया है। सावित्री देवी द्वारा बताया गया कि मेरी ननंद से शादी के बाद से ही प्रताड़ना की शिकार थी। जिसका हम लोग द्वारा एक बार फैसला भी किया था। सोमवार को मेरी बेटी का छक्का था। जिसमें नहीं जाने दिया गया। सोमवार की रात लगभग तीन बजे मेरे नंनदोसी ने फोन कर घटना की जानकारी दी। जब हम सब सारंडा गांव पहुंचे तो बच्चों के साथ परिवार के सभी सदस्य फरार थे। वही मृतिका के भाभी द्वारा यह भी आरोप लगाया गया है कि मेरी नंनदोषी राजेंद्र दास का बगल के ही मंझवा दास के परिवार से नाजायज सं. बंध था जो मृतिका द्वारा बार-बार मना करती थी। जो सोमवार को मेरे नंददोसी राजेंद्र दास और उनकी प्रेमिका द्वारा गला दबाकर मार दिया। वहीं प्रशासन का कहना है कि हम घटनास्थल पर पहुंचकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं आवेदन मिला है पोस्टमार्टम एवं आवेदन के आधार पर कार्रवाई किया जाएगा घटनास्थल पर आजसू के डुमरी विधानसभा प्रभारी एवं बिरनी प्रखंड के कंटेंट प्रभारी मनोहर प्रसाद वर्मा एवं राजधनवार विधानसभा के प्रभारी राजन मौजूद थे इन सभी नेताओं द्वारा इस तरह की घटना की घोर निंदा करते हुए प्रशासन से मांग किया कि दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए अविलंब गिरफ्तार करने का काम करें

## विष्णुगढ़ के मजदूर का एक सप्ताह से छत्तीसगढ़ में पड़ा है शव

अपेम लाइव : विष्णुगढ़
मिथिलेश गोल्डी



मजदूर के शव के इंतजार में परिजन समेत अन्य लोग

विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर की मौत करंट लगने से छत्तीसगढ़ में हो गई। मजदूर की मौत बीते 23 नवंबर को हुई है। एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी मजदूर का शव पैतृक गांव नहीं पहुंचा है। इसे लेकर परिजन काफी परेशान हैं। बताया जाता है कि प्रखंड के गैड़ा पंचायत के चकचुको निवासी धानेश्वर महतो (45) पिता स्व. टेको महतो ट्रांसमिशन लाइन में बतौर मजदूर काम करने के लिए छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला अंतर्गत भिलाई-3 में काम करने गए थे। काम के दौरान पोल पर बिजली का करंट लगने से वे गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते हीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजन उनके शव को लाने के लिए काफी दौड़ लगा रहे हैं। इसके बावजूद कोई सार्थक पहल होता नहीं दिख रहा। इससे परिजन काफी परेशान हैं। घटना के बाद पूरा परिवार सदमे में है। एक सप्ताह से घर में चूल्हा नहीं जला है। मृतक की पत्नी बंधनी देवी पति के शव को लाने के लिए सरकार से लेकर जनप्रति. निधियों से गुहार लगा रही है। मृतक अपने पीछे पत्नी बंधनी देवी, पुत्र राजेश महतो, संतोष महतो तथा जगदीश महतो को छोड़ गए हैं। स्थानीय समाजसेवी शिबू महतो ने बताया कि परिवार की खराब आर्थिक स्थिति को देखते हुए वे ट्रांसमिशन लाइन में कार्य करने के लिए छत्तीसगढ गए थे। अचानक उनकी मौत से परिवार पर आफत टूट पड़ा है। इस घटना में कंपनी की सरासर लापरवाही है। सूचना पर प्रवासी मजदूरों के हितार्थ में कार्यरत समाजसेवी सिकन्दर अली ने मृतक के घर पहुंचकर संवेदना प्रकट करते हुए शव को लाने हेतु अपनी ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

## जीडीएम बालिका विद्यालय में लगे पेड़ों को शरारती तत्वों ने तोड़ नष्ट कर डाला, शिक्षकों ने की कड़ी निंदा


अपेम लाइव : बड़कागांव
अमित मालाकार



बीती रात सोमवार को अज्ञात शरारती तत्वों ने जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय में लगे पेड़ों को तहस-नहस कर तोड़ डाला। घटना की तीव्र निंदा स्कूल के प्राचार्य समेत शिक्षक गणों ने की है शिक्षक रामलखन महतो ने कहा कि स्कूल में लगे 5 कीमती पेड़ों को अज्ञात लोगों ने तोड़ डाला है इसकी लिखित शिकायत पुलिस से करेंगे ताकि शरारती तत्वों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो सके।

APEM LIVE






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## इलाज के क्रम में डीलर का मौत

**अपेम लाइव :बिरनी**
**सब्बा अहमद**



ेंमृतक इि

बिरनी प्रखंड के भरकट्टा मंडल के अंतर्गत पंचायत चोंगाखार के ग्राम चरगो के समाजसेवी सह डीलर भरत कोड़ा जी इलाज क्रम में दे. हांत हो गया। करीब सुबह सात बजे हो गया। इनका करीब 70 वर्ष के थ. े।जिसकी सूचना पाकर पहुँचे भरकट्टा मंडल मीडिया प्रभारी रंजीत राय साथ में पूर्व मुखिया रामलखन बर्मा जी और पहुँचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बढ़वाए। और अस्वाशन दिए कि इस परिवार के साथ इस दुःख घड़ी में जो भी हो सके आर्थिकमद्त करगें।,मीडिया प्रभारी ने एमओ, बीडीओ, से फोन के माध्यम से सूचना दिए। कि भरत कोड़ा जी का देहांत हो चुका हैं।और अतिशिघ्र इसके पत्नी के नाम से नये सिरे से डीलर की अनुसंशा दी जाय।मौके पर पहँचे भरकट्टा मंडल के युवा मा. ेर्चो अध्यक्ष राम प्रसाद बर्मा जी,युवा मोर्चा के महामंत्री प्रवीण प्रभाकर,शुखदेव राय दिनेश कोड़ा जी,गंगो तुरी इत्यादि उपस्थित रहे।

## सिकन्दर अली को मुम्बई में मिला झारखंड सेवा रत्न सम्मान

**अपेम लाइव :विष्णुगढ़**
**मिथलेश गोल्डी**



सिकंदर अली

गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड अंतर्गत बेको के रहनेवाले प्रवासी मजदूरो के हितार्थ में कार्य करने वाले समाजिक कार्यकर्ता को सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए झारखंड सेवा रत्न सम्मान उन्हे दिया गया हैं। सिकन्दर अली को यह सम्मान 26 नवम्बर 2021 को मुम्बई के बोरीवली स्थित प्रबोधनकर ठाकरे नाट्य गृह सभागार में झारखंड इंटेलेक्चुअल फोरम ने झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ,मुम्बई नार्थ के सांसद गोपाल शेट्ठी, रतन टाटा के प्रधान सचिव योगेश जोशी, मोंगिया टीएमटी के सीएमडी गुणवंत सिंह मोंगिया, पद्म श्री मधु मंसूरी। हँसमुख, पद्म छूटनी महतो,ब०लीवुड के कलाकार पुनित इस्सार, भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची महापौर आशा लकडा, सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज योगी जोशी, शिक्षाविद आनंद साहू के द्वारा झारखंड सेवा रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर सिकन्दर अली ने कहा कि 26 नवम्बर के मेरे जीवन का एक अविस्मरणीय दिन था। जब मैं इस सम्मान पाने के लिए मुंबई पहुँचा तो मैं बहुत ही खुश था। लेकिन उसी समय मेरे जीजा जी की देहांत होने की खबर मिली तो मेरी खुशी गम में बदल गयी। लेकिन कार्यक्रम का संचालन कर रहे झारखंड इंटेलेक्चुअल फोरम के फाउंडर प्रेम कुमार व अरविंद आर्या ने मुझे हा. ैसला देते हुए मुझे झारखंड सेवा रत्न से सम्मानित करवाया।मुम्बई में मिले इस सम्मान से जहां मैं गौरवा. न्वित महसूस कर रहा हूँ।यह सम्मान मैं अपने प्यारे जीजा मरहुम मोबीन अंसारी जी को समर्पित कर रहा हूँ। समाजिक जीवन में अनवरत अपना योगदान जारी रखूंगा। ज्ञात हो कि सिकन्दर अली एक जमीनी समाजिक व्यक्तित्व हैं जिन्हा. ेने समाजिक सेवा को अपना प्राथमिक उद्देश्य बनाया हैं। इन्होंने प्रवासी मजदूरो के हित एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया हैं। साथ ही लगातार आम ला. ेगो के बीच में सेवा करते आए हैं। अवार्ड मिलने पर प्रतिभा विकास मंच के केन्द्रीय सचिव अजय कुमार महतो, अध्यक्ष महेन्द्र कुमार, समाजसेवी छोटन प्रसाद छात्र, समाजसेवी राहत हुसैन, दिनेश साहू,कैलाश महतो, हाफिज अंसारी, दिनेश साहू, नवीन कुमार, इस्तियाक अंसारी समेत राजनीतिक एवं सामा. जिक लोगो ने सिकन्दर अली को सम्मान मिलने पर बधाइ ेदी हैं।

## मडगडा गांव मे शव दफनाने को लेकर दो समुदाय के बीच तनाव पूर्ण माहौल

### मामला शांत कराने घटना स्थल पर पहुंचे प्रशानिक अधिकारि,स्थिति नियंत्रण को ले पुलिस बल तैनात

**अपेम लाइव :कान्हा चट्टी**
**प्रमोद सिंह**




12 घण्टे तक कब्रिस्तान विवाद को लेकर पड़ा रहा शव

प्रखंड के मडगड़ा गांव में कब्रिस्तान के समीप शव दफनाने पहुंचे एक समुदाय के लोगों को दूसरे समुदाय ने रोक दिया।दो समुदाय के लोगों के आमने-सामने होने की जानकारी मिलने पर रा. जपुर थाना प्रभारी मुकेश कुमार,सर्किल इंस्पेक्टर सुधीर कुमार चौधरी और बीडीओ सह सीओ हुलास महतो मौके पर पहुंच गए।जानकारी के अनुसार कब्रिस्तान की जमीन दूसरे जगह निकली है लेकिन दूसरे पक्ष के लोगों ने जबरदस्ती अतिक्रमण करते हुए उसी स्थान पर शव दफनाने की जिद पर अड़ गए है। इसको लेकर देर शाम तक प्रशासन व लोगों के बीच वार्ता जारी रहा। मडगड़ा गांव की मुख्तार मिया की मां की मौत मंगलवार की सुबह को हो गया। लोगों ने मंगलवार को दोपहर में लाश दफनाने के लिए गांव के बाहर कब्रिस्तान के समीप पहुंचे। जहां 12 घण्टे तक शव कब्रिस्तान विवाद को लेकर पड़ा रहा।ि. हन्दू समुदाय के लोगों ने कब्रिस्तान की जमीन दूसरी जगह होने की बात कहते हुए शव दफनाने से रोक दिया। इसको लेकर दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने हो गए। मामला बढ़ता देख पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में पैमाइश किया तो कब्रिस. तान की जमीन वहां से कुछ दूरी पर थी। प्रशासन ने भी कब्रिस्तान की जमीन में लाश दफनाने की बात कही।लेकिन मुस्लिम समुदाय के लोगों मानने को तैयार नहीं थे और उनलोग का कहना था की हम लोग दूसरी स्थान पर शव नहीं दफनाएंगे।प्रशानिक अधिक. ारियो ने दोनो समुदायों के बीच वार्ता की लेकिन बात कोई मानने को तैयार नहीं थे।हिन्दू समुदाय के लोग किसी भी कीमत पर उक्त जमीन पर लाश दफन न होने देने की बात कह रहे थे। इसको लेकर देर शाम तक दोनों पक्ष के लोग वहां जमे रहे।बीडीओ हुलास महतो ने बताया कि तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए मौके पर पुलिस तैनात कर दी गई है।और वहां लाश दफनाने से रोक दिया गया और कब्रिस्तान की जमीन मे ही शव दफनाने के लिए कहा गया है।बुधवार को दोनो समुदाय के बीच शांति समिति की बैठक कर मामले की समझौता किया जायेगा।

## गैर मजरूआ जमीन को लेकर पूर्व विधायक लो. कनाथ महतो ने राजस्व सचिव से मुलाकात की

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



राजस्व सचिव से मिलते हैं पूर्व विधायक लोकनाथ महतों

एनटीपीसी कोल माइंस पकरी बरवाडीह संबंधित गैरमजरूआ जमीन की मुआवजा राशि को लेकर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के नेतृत्व मे झारखंड सरकार के राजस्व सचिव से मुलाकात की जमीन की मुआवजा राशि को लेकर आवेदन सौंपा। मुलाकात के दौरान लो. कनाथ महतो ने राजस्व सचिव से गैरमजरूआ जमीन पर 30 साल से जोत आबाद कर रहे जमीन की रैयती मान्यता की मांग की। इसके अलावा एनटीपीसी से सं. बंधित प्रभावित क्षेत्र के जमीन की मुआवजा राशि की कुल एवं मूल राशि दिलवाने की मांग की है। इसके अलावा किसानों की जमीन मुआवजा से सं. बंधित कई महत्वपूर्ण बातें लोकनाथ महतो ने सचिव से की है। मौके पर उप. स्थित लोगों से जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह एवं देव प्रसाद महतो उपस्थित थे।

